unicef | for every child

new concept
Centre for
Development Communication

मॉड्यूल 2: ज़िला बाल संरक्षण इकाई

सत्र 2: ज़िला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारियों तथा कर्मियों की विशिष्ट भूमिका तथा उत्तरदायित्व

अवधि: 1:30 मिनट

हम जानते है कि ज़िला बाल संरक्षण इकाई की एक अतिमहत्वपूर्ण भूमिका विभिन्न विभागों के साथ समन्वय तथा तालमेल स्थापित करना है। जिन विभागों एवं पदाधिकारियों के साथ बाल संरक्षण अधिकारी समन्वय तथा तालमेल रखते हैं वे हैं:

शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्रम अधिकारी, ज़िला परिषद् तथा स्थानीय निकायों के सदस्य, पुलिस अधीक्षक, ज़िला न्यायाधीश एवं ज़िला मजिस्ट्रेट।

ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी इनके साथ भी समन्वय करते हैं:

- ऐसे अधिकारी जो बाल संरक्षण कार्यक्रमों /सेवाओं को जिले स्तर पर प्रभावित करते हैं।
- स्वयंसेवी संस्थाएं
- बाल कल्याण समिति
- अस्तपताल/नर्सिंग होम
- किशोर न्याय बोर्ड
- चाईल्ड लाईन सेवाएं

अब ध्यान से इन्फोग्राफिक को देखें। प्रत्येक ग्राफिक और उसके सन्दर्भ को याद करने की कोशिश करें अर्थात् संबंधित विभाग, अधिकारी या संस्थान को याद रखें। आईए अब एक गतिविधि करते हैं।